भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या **3063**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**उर्वरकों के वितरण में विलंब**

**3063. श्री सतपाल ब्रहमचारी:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा खरीफ और रबी की फसलों के मौसम से कितने दिन पूर्व राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार उर्वरकों का संवितरण सुनिश्चित किया जाता है;
(ख) सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उर्वरकों के संवितरण में विलंब के क्या कारण हैं; और
(ग) सरकार द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क) से (ग):** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) "कृषि आदानों के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन" के माध्यम से प्रत्येक फसल मौसम (अर्थात खरीफ और रबी) से पहले प्रमुख उर्वरकों अर्थात यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा किए गए आकलन के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा आबंटित करता है और उपलब्धता की स्थिति की निरंतर निगरानी करता है। यह आपूर्तियां स्वदेशी उत्पादन के साथ-साथ आयातों के माध्यम से की जाती हैं। खरीफ 2024 और चालू रबी मौसम 2024-25 में देश भर में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक से संबंधित ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

हरियाणा राज्य सरकार ने सूचित किया है कि सोनीपत जिले में उर्वरकों के वितरण में कोई विलंब नहीं हुआ है।

*******

**अनुलग्नक**

**दिनांक 13.12.2024 को दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं.3063 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित अनुलग्नक**

# अखिल भारत में उर्वरक की स्थिति

## I. रबी 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024)

< मात्रा एलएमटी में >

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | 09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता | 09.12.2024 तक उपलब्धता | 09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री | 09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 186.89 | 89.37 | 133.97 | 73.52 | 60.45 |
| 2 | डीएपी | 52.05 | 36.91 | 40.47 | 31.77 | 8.70 |
| 3 | एमओपी | 11.95 | 6.24 | 14.22 | 5.77 | 8.45 |
| 4 | एनपीकेएस | 77.10 | 41.09 | 60.74 | 37.03 | 23.71 |

## II. खरीफ 2024

<मात्रा एलएमटी में >

| क्र.सं. | उत्पाद समूह | मौसमी आवश्यकता | उपलब्धता | डीबीटी बिक्री | अंतिम स्टॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूरिया | 177.12 | 252.10 | 189.12 | 63.02 |
| 2 | डीएपी | 59.87 | 58.08 | 46.12 | 12.23 |
| 3 | एमओपी | 10.26 | 16.60 | 9.27 | 7.33 |
| 4 | एनपीकेएस | 74.19 | 111.66 | 75.46 | 35.94 |

*******